हिंदी दैनिक

# न्यूज़ वायरस

वर्ष : 11 अंक : 91 देहरादून, सोमवार, 26 सितंबर, 2022 मूल्य : एक रुपया पृष्ठ : 08



मुख्यमंत्री ने की प्रदेश की कानून व्यवस्था की समीक्षा, दिए ताबड़तोड़ निर्देश 3

# महिलाओं, बेटियों की सुरक्षा को बनायें सशक्त नियमावली : सतपाल महाराज

## फास्ट ट्रेक कोर्ट से जल्द हो निर्णय, दोषियों को मिले कड़ी सजा

**आशीष तिवारी की रिपोर्ट**
**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून 26 सितम्बर , पहाड़ की बेटी अंकिता भंडारी हत्याकांड के आरोपियों को सख्त सजा दिलवाने के लिए हमारी सरकार प्रयासरत है। होमस्टे में काम करने वाली महिलाओं, बेटियों की सुरक्षा की जिम्मेदारी के लिए पर्यटन विभाग को निर्देशित कर दिया गया है।

वनन्तरा रिजोर्ट गंगा भोगपुर (यमकेश्वर) में रिसेप्शनिस्ट का काम करने वाली जनपद पौड़ी गढ़वाल ग्राम श्रीकोट, पट्टी नांदलस्यूं निवासी अंकिता भण्डारी की जघन्य हत्या पर प्रदेश के कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दिये जाने की बात कही है। उन्होने कहा कि जल्दी से जल्दी फास्ट ट्रेक कोर्ट से इसका निर्णय होना चाहिए ताकि घटना में लिप्त लोगों को इस बात का सबक मिल सके।

अपराधियों को ऐहसास होना चाहिए कि ऐसे जघन्य अपराध का क्या परिणाम होता है।अंकिता भण्डारी की जघन्य हत्या की गंभीरता को देखते हुए प्रदेश के पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने पर्यटन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये हैं कि प्रदेश में कहीं भी किसी भी होम स्टे या रिजोर्ट में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति ना हो। इसलिए तत्काल एक सशक्त नियमावली बनायें और जो भी महिला या लड़की होम स्टे में काम कर रही है उसकी पूरी जांच हो ताकि इस प्रकार के अपराधों पर अंकुश लगाया जा सके।



# नानकमत्ता शहर का नाम श्री नानकमत्ता साहिब के नाम होगा : मुख्यमंत्री



की



**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

नानकमत्ता , 26 सितंबर ,मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुद्वारा नानकमत्ता साहिब पहुंचकर शीश नवाया। इसके पश्चात पुष्कर सिंह धामी ने डेरा कार सेवा पहुंचकर बाबा हरबंश सिंह, बाबा फौजा सिंह, बाबा टहल सिंह की श्रद्धांजलि सभा में पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की तथा हाथ जोड़कर नमन किया।

इस अवसर पर गुरुद्वारा प्रबंधन कमेटी ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को सरोपा व प्रतीक चिह्न भेंट किया। उन्होंने कहा कि बाबा टहल, हरबंश सिंह, बाबा फौजा सिंह ने स्वयं कष्ट सह कर व भूखे - प्यासे रहकर समाज की भलाई एवम् सेवा का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि सिख पंथ ने सदा मानव सेवा एवम सेवा भाव का प्रसार किया है और देश तथा गरीबों की सेवा की है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नानकमत्ता शहर का नाम श्री नानकमत्ता साहिब करने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि नानकमत्ता साहिब में श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों के आवागमन हेतु हेली सेवा शुरू करने की संभावनाओं पर भी विचार किया जा रहा है। सीएम धामी ने कहा कि धर्म एवं राष्ट्र की रक्षा में हंसते-हंसते अपने प्राणों को न्यौछावर करने वाले गुरुओं के पराक्रम, तपस्या,त्याग एवं बलिदान तथा उनके संस्कार व व्यक्तित्व युवा पीढ़ी में झलक हो, इसलिए हमें अपने गुरुओं को याद करना होगा और उनके इतिहास का स्मरण करना होगा।उन्होंने कहा कि गुरुओं ने हमें धर्म, संस्कृति के साथ मान सम्मान से जीवन जीने की प्रेरणा दी है। गुरु तेग बहादुर ने औरंगजेब के जुल्म से धर्म की रक्षा की थी। उन्होंने कहा कि धर्म एवं समाज की रक्षा के लिए गुरु द्वारा दिए गए बलिदान को हम कभी भूल नहीं सकते।

मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कश्मीर से धारा 370 हटाकर एक राष्ट्र, एक विधान, एक निशान को लागू किया है। श्री धामी ने कहा कि राज्य में समान नागरिक संहिता लागू करने के लिए पूर्व जज रंजना प्रकाश देसाई की अध्यक्षता में कमेटी ड्राफ्ट बनाने का काम कर रही है, ड्राफ्ट पूरा हो जाने पर उत्तराखंड समान नागरिक संहिता लागू करने वाला देश का पहला राज्य होगा।

श्री धामी ने कहा कि राज्य जब 25 वर्ष पूर्ण कर रहा होगा तब राज्य देश के अग्रणी राज्यों में शामिल होगा। श्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि राज्य में भ्रष्टाचार को जड़ से समाप्त करने के लिए 1064 नंबर लांच किया गया है।उन्होंने कहा कि यदि कोई भी व्यक्ति रिश्वत घूस आदि लेने की मांग करता है तो 1064 नंबर पर शिकायत दर्ज कर सकते हैं, शिकायतकर्ता का नाम गोपनीय रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि कई सारे रिश्वतखोरों एवं भ्रष्टाचारियों को जेल की सलाखों के पीछे भेजा जा चुका है। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि सरलीकरण, समाधान,निस्तारण के मंत्र को आत्मसात करते हुए सरकार चल रही है। श्री धामी ने कहा कि राज्य में नई कार्य संस्कृति विकसित हो रही है, जिससे कि जरूरतमंदों का काम बिना किसी सिफारिश के स्वतः ही होते चले जाएं। इस दौरान कमेटी अध्यक्ष हरबंश चुघ, महासचिव अमरजीत सिंह, सहित भजन सिंह, राजपाल सिंह, चरणजीत सिंह, पूर्व विधायक डॉ.प्रेम सिंह राणा, जिलाधिकारी युगल किशोर पंत, एसएसपी मंजूनाथ टीसी, संगत आदि उपस्थित थी।

# Shardiya Navratri 2022 आज से है नवरात्रि व्रत, न करें ये गलती





**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून 26 सितंबर , Shardiya Navratri 2022 Date: शारदीय नवरात्रि की शुरुआत होने वाली है. ऐसे में यदि आप भी नवरात्रि का व्रत रखते हैं तो हम बताते हैं कि कैसे करें नवरात्रि में मां दुर्गा की आराधना और नवरात्रि व्रत के दौरान हमें किन बातों का ध्यान रखना चाहिए

Shardiya Navratri 2022 26 सितंबर को शक्ति के उपासना का पर्व शारदीय नवरात्रि शुरू हो रहा है. नवरात्रि के दौरान मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की पूजा अलग-अलग दिन की जाती है. नवरात्रि के दौरान मां दुर्गा के उपासक नौ दिन का व्रत रखते हैं. मान्यता अनुसार जो लोग नवरात्रि के दौरान मां दुर्गा की विधि विधान से पूजा करते हैं उन पर मां शेरावाली की कृपा से कभी किसी चीज की कमी नहीं होती है, जबकि वहीं यदि आप नवरात्रि के दौरना कुछ गलतियां कर देते हैं तो मां दुर्गा नाराज हो जाती हैं, जिसका आपको दुष्परिणाम झेलना पड़ता है. आइए जानते हैं कब शुरू हो रही है नवरात्रि और इस दौरान कैसे करें मां दुर्गा की आराधना...

**Shardiya Navratri 2022 नवरात्रि के दौरान इन बातों का रखें ख्याल**

**Shardiya Navratri 2022 नवरात्रि व्रत के दौरान न करें ये गलती**

नवरात्रि व्रत के दौरान मांस मदिरा का सेवन न करें.नवरात्रि के समय मां दुर्गा को तुलसी अथवा दूर्वा अर्पित न करें.नवरात्रि व्रत में शारीरिक संबंध न बनाएं.नवरात्रि व्रत के दौरान झूठ कदापि न बोलें.नवरात्रि के दौरान किसी भी कन्या का अपमान न करें.इस दौरान काले कपड़े और चमड़े की वस्तुओं का प्रयोग न करें.नवरात्रि में इस तरह करें पूजा

Shardiya Navratri 2022 नवरात्रि व्रत के दौरान दुर्गा सप्तशती का पाठ अवश्य करें. इसके साथ हर दिन अर्गला, कीलक, कवच का पाठ करें. नवरात्रि के दौरान पूजा घर के दोनों दरवाजे पर रोली या कुमकुम से स्वास्तिक चिन्ह बनाएं. मां दुर्गा की पूजा के दौरान मां दुर्गा को हर रोज फल का भोग लगाएं. इन फलों को भोग लगाने के बाद जरूरतमंदों को बांट दें.

## प्रदेश वासियों को नवरात्रि की शुभकामनाएं : मुख्यमंत्री

देहरादून 26 सितम्बर,मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शारदीय नवरात्रि के पावन पर्व पर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की है। नवरात्रि पर्व की पूर्व संध्या पर जारी अपने संदेश में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि देवी दुर्गा के नौ स्वरूपों की आराधना का यह पर्व हमें मातृशक्ति की उपासना तथा सम्मान की प्रेरणा देता है। समाज में नारी के महत्व को प्रदर्शित करने वाला यह पर्व भारतीय संस्कृति की महान परम्परा का भी प्रतीक है। नवरात्रि में कन्या पूजन की परम्परा भी बालिकाओं के सम्मान से जुडा विषय है।

# जानिए कौन सी तुलसी है सेहतमंद राम तुलसी या कृष्ण तुलसी





**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

तुलसी या पवित्र तुलसी एक शुभ पौधा है जो ढेर सारे स्वास्थ्य लाभों से भरा हुआ है। अपने समग्र गुणों के कारण, इस जड़ी बूटी का व्यापक रूप से कई आयुर्वेदिक और प्राकृतिक चिकित्सा दवाओं में उपयोग किया जाता है। इस 'जादुई जड़ी बूटी' के कई प्रकार हैं, जिनमें राम तुलसी और कृष्ण तुलसी सबसे आम हैं। लेकिन, दोनों में क्या अंतर है, और आपको अच्छे स्वास्थ्य के लिए किसे चुनना चाहिए?

राम तुलसी का उपयोग धार्मिक उद्देश्यों के लिए किया जाता है और यह अपनी औषधीय शक्तियों के लिए प्रसिद्ध है। इस किस्म की पत्तियों में तुलसी की अन्य किस्मों की तुलना में अधिक मीठा स्वाद होता है। श्यामा तुलसी, जिसे 'डार्क तुलसी' या 'कृष्ण तुलसी' के नाम से भी जाना जाता है, एक किस्म है जिसमें गहरे हरे/बैंगनी पत्ते और बैंगनी रंग का तना होता है।

वेद क्योर ने कहा कि राम तुलसी को हिंदू धर्म में एक सर्वोच्च औषधीय रामबाण माना जाता है और धार्मिक अवसरों और उत्सव के अनुष्ठानों के लिए प्रसिद्ध है। "कृष्ण तुलसी, जिसे बैंगनी तुलसी का पत्ता भी कहा जाता है, का उपयोग कम ही किया जाता है, लेकिन इसमें कई औषधीय गुण भी होते हैं। यह अन्य किस्मों की तुलना में स्वाद में कम कड़वा होता है।

**कौन सा स्वास्थ्यवर्धक है?**

विशेषज्ञों का कहना है कि दोनों तरह की तुलसी के पत्ते कई स्वास्थ्य लाभ देने के लिए जाने जाते हैं। "यह पाया गया है कि दोनों बुखार, त्वचा रोग, पाचन, चयापचय और प्रतिरक्षा में मदद करते हैं। यह चिंता के मुद्दों वाले लोगों की मदद करता है और तनाव को कम करने में भी मदद करता है। अध्ययनों में कहा गया है कि तुलसी का पानी इंच और चर्बी घटाने में मदद करता है। सांसों की दुर्गंध वाले लोगों के लिए तुलसी अच्छी होती है। नियमित रूप से खांसी और सर्दी को भी खत्म किया जा सकता है।

दूसरी ओर, कृष्ण तुलसी अक्सर उन बच्चों को खिलाई जाती है जो सर्दी और खांसी की समस्या से पीड़ित हैं। ₹यह तेज बुखार के लिए भी उपयोगी है। इसके एंटी-ऑक्सीडेंट गुण हृदय स्वास्थ्य और मधुमेह रोगियों के लिए भी अच्छे हैं। यह त्वचा को चमकदार और चमकदार बनाता है और बालों की लंबाई और चौड़ाई भी बढ़ाता है।

**कैसे सेवन करें?**

खाली पेट दिन में दो से तीन तुलसी के पत्तों का सेवन करें। "इसके अलावा, इसे चाय या कड़ा में इस्तेमाल किया जा सकता है। यह विषहरण और रक्त शुद्धि में मदद करता है। चबाने के बजाय, इसे निगल लें।

# मुख्यमंत्री ने की प्रदेश की कानून व्यवस्था की समीक्षा, दिए ताबड़तोड़ निर्देश

## मुख्य सचिव एवं पुलिस महानिदेशक सहित अन्य उच्चाधिकारी रहे मौजूद







**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेश में कानून एवं व्यवस्था से सम्बन्धित घटनाओं को गम्भीरता से लेने के निर्देश जिलाधिकारियों को दिये हैं। उन्होंने निर्देश दिये हैं कि कानून एवं व्यवस्था से सम्बन्धित घटना चाहे वह राजस्व क्षेत्र की हो या पुलिस क्षेत्र की, जिसे भी कोई सूचना प्राप्त होती है तो उसे गम्भीरता से लेकर उसके समाधान की त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित कराये। मुख्यमंत्री ने प्रदेश में वन क्षेत्र या अन्य क्षेत्रों में होटल, रिसोर्ट या धार्मिक कार्यों के लिये हो रहे अतिक्रमण का चिन्हीकरण कर उस पर सख्ती के साथ त्वरित कार्यवाही के भी निर्देश दिये हैं।मुख्यमंत्री ने प्रदेश के मदरसों के सत्यापन के साथ ही डेमोग्राफिक चेंज के प्रकरणों में भी सख्ती से कार्यवाही के निर्देश दिये।

**वीडिया कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सभी आयुक्त एवं जिला अधिकारी भी जुड़े थे**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कानून व्यवस्था, अवैध अतिक्रमण, आपदा आदि से सम्बन्धित विभिन्न विषयों पर शासन के उच्चाधिकारियों के साथ गहनता से समीक्षा की। समीक्षा बैठक में सभी मण्डलायुक्त एवं जिलाधिकारी वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े थे। मुख्यमंत्री ने जनपदवार जिलाधिकारियों से उनके स्तर पर की जा रही कार्यवाही तथा समस्याओं के समाधान के लिये किये प्रयासों की जानकारी प्राप्त की।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये कि जनपद स्तर पर सभी सम्बन्धित बिन्दुओं का कलेंडर तैयार कर उनकी पाक्षिक या मासिक समीक्षा कर रिपोर्ट शासन को उपलब्ध कराई जाए।मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में हाल ही में घटित कुछ घटनाओं से प्रदेश की छवि धुमिल हुई है। इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो, इस दिशा में सभी अधिकारी सर्तकता एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य करें।


उन्होंने कहा कि देवभूमि हमारा प्रदेश है, यहां अमन, चैन व शांति हम सबकी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि अपराधी कोई भी हो उसे बख्शा न जाए। इमानदारी से कार्य करने वालों को परेशान न किया जाए। बाहरी प्रदेशों से आने वालों पर कड़ी नजर रखी जाए। भविष्य में प्रदेश की जन संख्या घनत्व के कारण किसी परेशानी का सामना न करना पड़े, यह भी सुनिश्चित किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि जन समस्याओं का समाधान त्वरित ढंग से हो, इसके लिये सचिवालय में सोमवार को नो मिटिंग डे तथा पर्वतीय जिलों में 10 से 1 बजे तक अधिकारियों के जनता से मिलने के निर्देश दिये गये। जनपदों की कोई समस्या सचिवालय न आये यह भी जिलाधिकारी सुनिश्चित करें। इसके लिये बहुउद्देशीय शिविर तहसील दिवस के आयोजन के साथ दूरस्थ क्षेत्रों में जन समस्यायें सुनने की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। इस सम्बन्ध में उन्होंने ऊधम सिंह नगर की भांति ई-समाधान चौपाल की व्यवस्था भी सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने सरलीकरण, समाधान निस्तारण एवं संतुष्टि के तहत की गई समस्याओं के समाधान का भी विवरण तैयार करने को कहा।

मुख्यमंत्री ने सड़कों की स्थिति की जानकारी प्राप्त कर 15 अक्टूबर तक सड़कों को गड्ढा मुक्त करने के भी निर्देश दिये। उन्होंने अवैध शराब, अवैध खनन पर भी प्रभावी नियंत्रण के निर्देश दिये। प्रदेश में बढ़े डेंगू के रोगियों की संख्या के दृष्टिगत इसके रोकथाम की भी कारगर व्यवस्था करने के निर्देश मुख्यमंत्री ने दिये।

मुख्य सचिव डॉ. एस.एस सन्धु ने सभी सभी जिलाधिकारियों को मुख्यमंत्री द्वारा दिये गये निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि अधिकारी सही गलत की पहचान कर दोषियों को सजा देने की कार्यवाही करें। अवैध अतिक्रमणों में राजस्व, वन एवं सिंचाई आदि विभागों की संयुक्त टीम बनायी जाए। जहां पर अतिक्रमण हटाया जाए वहां पुनः अतिक्रमण न हो यह भी सुनिश्चित किया जाए।

बैठक में अपर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी, पुलिस महानिदेशक अशोक कुमार, विशेष प्रमुख सचिव अभिनव कुमार, सचिव शैलेश बगोली, सचिन कुर्वे, चंद्रेश यादव, अपर सचिव अतर सिंह सहित पुलिस के अन्य वरिष्ठ अधिकारी तथा वर्चुअल रूप से सभी मण्डलायुक्त व जिलाधिकारी उपस्थित थे।

# पिथौरागढ़ जिले में भारी बारिश के बाद, गिरा पहाड़ी का एक बड़ा हिस्सा





**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

कैलाश मानसरोवर यात्रा के लगभग 40 यात्री तवाघाट लिपुलेख राष्ट्रीय राजमार्ग पर फंस गए हैं, क्योंकि पहाड़ी का एक बड़ा हिस्सा उत्तराखंड के नजंग ताम्बा गांव के पास सड़क पर गिर गया था। आदि कैलाश मानसरोवर यात्रा का मार्ग, जो नजंग तंबा गांव से होकर जाता है- जो नाकाबंदी के कारण भी बंद कर दिया गया है. उत्तराखंड में भी भारी बारिश की आशंका है क्योंकि आईएमडी ने राज्य के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।उत्तराखंड के पिथौरागढ़ जिले में स्थित आदि कैलाश हिंदू भक्तों के लिए एक लोकप्रिय तीर्थ है।

यह भारत-तिब्बत सीमा के करीब स्थित है।शुक्रवार को मौसम विभाग ने उत्तराखंड और आसपास के क्षेत्रों में बिजली गिरने के साथ भारी बारिश की संभावना जताई है।भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के वरिष्ठ वैज्ञानिक आरके जेनामणि ने कहा, ₹उत्तराखंड के लिए 23 से 26 सितंबर तक बहुत भारी बारिश के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। कल पश्चिमी यूपी में बारिश बढ़ने की उम्मीद है।₹₹23 से 26 तारीख के दौरान उत्तराखंड में भारी बारिश और गरज / बिजली गिरने की संभावना है; 23 और 25 तारीख को हिमाचल प्रदेश और पश्चिम उत्तर प्रदेश; 23 और 24 तारीख को हरियाणा, चंडीगढ़ और पूर्वी राजस्थान; 25 तारीख को पूर्वी उत्तर प्रदेश और दिल्ली और पश्चिम मध्य प्रदेश 23 सितंबर को,₹ आईएमडी ने ट्वीट्स की एक श्रृंखला में भविष्यवाणी की। इसने आगे कहा कि 23 सितंबर से 25 सितंबर तक राज्य में ₹एकत्रित भारी वर्षा₹ की भी उम्मीद है।रुद्रप्रयाग में तरसाली गांव के पास पहाड़ी से भारी बारिश के कारण अचानक हुए भूस्खलन के कारण रुद्रप्रयाग में राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच) 109 जैसे राज्य के कई राजमार्ग अवरुद्ध रहे।तीर्थयात्रियों को समय पर रोके जाने से किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। केदारनाथ जाने वाले तीर्थयात्रियों को रुद्रप्रयाग, तिलवाड़ा, अगस्त्यमुनि और गुप्तकाशी में और सोनप्रयाग से वापस आने वालों को भी सोनप्रयाग, सीतापुर आदि में सुरक्षित स्थानों पर रोक दिया गया।केदारनाथ धाम के चोराबाड़ी ग्लेशियर के कैचमेंट में आया हिमस्खलन, किसी नुकसान की खबर नहींरुद्रप्रयाग प्रशासन ने गुरुवार को केदारनाथ धाम में चोराबाड़ी ग्लेशियर के जलग्रहण क्षेत्र में हिमस्खलन की भी सूचना दी। संबंधित विभाग के अधिकारी क्षेत्र की निगरानी कर रहे हैं और कोई नुकसान या हताहत नहीं हुआ है।चोराबाड़ी ग्लेशियर केदारनाथ मंदिर के पीछे लगभग 5 किमी की दूरी पर स्थित है। राज्य में पिछले कुछ दिनों से भारी बारिश हो रही है.

## भारत तभी आगे बढ़ेगा जब महिलाएं सुरक्षित होंगी : राहुल गांधी



कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद और उत्तराखंड के पौड़ी में हुई घटनाओं पर दुख व्यक्त करते हुए कहा कि भारत तभी आगे बढ़ेगा जब महिलाएं सुरक्षित होंगी।

उत्तराखंड के पौड़ी जिले में एक भाजपा नेता के बेटे और उसके एक रिसॉर्ट के दो कर्मचारियों को एक महिला रिसेप्शनिस्ट की कथित तौर पर हत्या करने के आरोप में शुक्रवार को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी।साथ ही मुरादाबाद में एक महिला को सड़क पर नग्न घूमते देखे जाने के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है. घटना का 15 सेकंड का एक दानेदार सीसीटीवी फुटेज बुधवार को ऑनलाइन सामने आया।

गांधी ने हिंदी में एक ट्वीट में कहा, ₹मुरादाबाद और उत्तराखंड में लड़कियों के साथ हुई घटनाओं ने सभी को झकझोर कर रख दिया है।₹पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, ₹भारत जोड़ी यात्रा में मैं कई प्रतिभाशाली लड़कियों और युवतियों से मिल रहा हूं और सुन रहा हूं। एक बात स्पष्ट है, हमारा भारत तभी आगे बढ़ेगा जब देश की महिलाएं सुरक्षित होंगी।

# नकल माफियाओं पर गैंगस्टर एक्ट में कार्यवाही कर अवैध संपत्ति का खुलासा जारी

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 26 सितंबर ,मुख्यमंत्री उत्तराखंड पुष्कर सिंह धामी द्वारा नकल माफियाओं पर गैंगस्टर एक्ट में कार्यवाही कर अवैध संपत्ति का पता लगा कर सख्त कार्यवाही के लिए डीजीपी उत्तराखंड को निर्देश दिए गए थे। इस निर्देश पर डीजीपी अशोक कुमार द्वारा एसटीएफ को नकल माफियाओं पर सख्त कार्यवाही और अवैध संपत्ति की जांच के लिए लगाया गया था

मौजूदा हालात में एसटीएफ ने 21 अपराधियो पर गैंगस्टर एक्ट में मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है,जिसमे नकल माफिया हाकम सिंह की बेनामी,अवैध संपत्ति की खोजबीन कर ली गई है... अभियुक्त हाकम सिंह के तहसील मोरी में ग्राम सिदरी में निर्मित रिजॉर्ट और भवन की ज्वाइंट जांच( एसटीएफ व राजस्व पुलिस ) में उपरोक्त रिजॉर्ट राज्य सरकार की भूमि पर साथ ही गोविंद वनजीय विहार,पुरोला की जमीन पर अवैध निर्मित पाया गया है






इसके साथ ही दो सेब के बाग भी राज्य सरकार की भूमि को अतिक्रमित कर कब्जा किया जाना प्रकाश में आया है लिहाज़ा रिजॉर्ट का रजिस्ट्रेशन होम स्टे के लिए अप्लाई करने के उपरांत सही कागजात न होने पर अभियुक्त द्वारा नही कराया गया और अवैध संचालन किया जा रहा थागैंगस्टर एक्ट के तहत,अभियुक्त हाकम के 7 बैंक अकाउंट का पता चला है जिसमे लाखो के ट्रांजेक्शन विगत वर्ष में हुए है,इन अकाउंट में अवैध धनराशि 16 लाख से अधिक को फ्रिज कर दिया गया है

इसके अतिरिक्त करीब 5 हजार वर्ग मीटर भूमि कोटगांव,1250 वर्ग मीटर जमीन ग्राम भीतरी,3000 वर्ग मीटर से ज्यादा जमीन कोट गांव के पास साथ ही 2850 वर्ग मीटर जमीन भीतरी के पास,के साथ ही देहरादून में 1000 वर्ग मीटर जमीन पर देहरादून में तीन मंजिला मकान है के रिकॉर्ड एसटीएफ ने जांच में शामिल कर लिए है जिसकी अनुमानित कीमत करोड़ों में होने की संभावना है। चल संपत्ति में इनोवा गाड़ी के साथ अन्य के नाम कुछ वाहनों का पता भी चला है ,समस्त अवैध रूप से अर्जित संपति पर शीघ्र कानूनी कार्यवाही की जा रही है

# मदरसा सर्वे मुस्लिम बच्चों के बेहतर मुस्तकबिल के लिए ज़रूरी : जावेद मलिक

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

गाजियाबाद ब्यूरो रिपोर्ट , 26 सितम्बर, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा द्वारा अल्पसंख्यक संवाद सम्मेलन का आयोजन अंसल सिटी लोनी में हुआ, कार्यक्रम संयोजक गुलबहार चौधरी व संचालन प्रदेश कार्यकारिणी सदस्यों अलीमुद्दीन अंसारी ने किया, अल्पसंख्यक संवाद कार्यक्रम में मोर्चा के क्षेत्रीय अध्यक्ष जावेद मलिक ने कहा कि देश की मजबूती के लिए भाजपा ही एकमात्र और सही विकल्प है।उन्होंने मदरसा सर्वे पर बोलते हुए कहा कि मदरसे का सर्वे कराकर मुस्लिम बच्चों के बुनियादी हक़ को समझना व उनको समाज की मुख्यधारा में लाने का जो प्रयास भाजपा सरकार द्वारा किया जा रहा है वो मदरसा शिक्षा में एक क्रन्तिकारी कदम साबित होगा, हम सबको मिलकर सर्वे में सहयोग करना चाहिए उन्होंने अल्पसंख्यक मोर्चा को बूथ स्तर तक मज़बूती देने पर जोर देते हुए कहा कि मुस्लिम समाज का हित भाजपा में है और मुस्लिम भाजपा की सरकार बनाने में अपना खुला योगदान दें। बोले कि केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकार ने बिना भेदभाव के सबको सम्मान और विकास में भागीदारी मिली है । विभिन्न सरकारी योजनाओं उज्जवला गैस, बिजली, आवास, पेंशन, शिक्षा आदि योजनाओं पर मुस्लिम वर्ग को बराबर से लाभ मिलने के उदहारण हमारे सामने है। मदरसों को अनुदान देने के साथ ही उनका आधुनिकीकरण कराकर मुस्लिम बच्चों को बेहतर शिक्षा देते हुए उनका उज्जवल भविष्य बनाया है।

भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चे के क्षेत्रीय अध्यक्ष जावेद मलिक के स्वागत समारोह मे सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुए। मुख्य अतिथि जनाब जावेद मलिक जीं के उदबोधन में भाजपा को मुस्लिमों का सच्चा हितैषी बताया एवं सभी अल्पसंख्यक समुदाय के लिए चल रही योजनाओं के बारे में बताया किस प्रकार से बिना भेदभाव के अल्पसंख्यको को सभी योजनाओ का लाभ दिया जा रहा हैं जिस प्रकार से पूर्व की







सरकारों ने अल्पसंख्यको का सिर्फ़ वोट बैंक के लिए इंस्तेमाल किया और शिक्षा से हमेशा वंचित रखा ऐसी सरकारें सिर्फ़ अपने स्वार्थ के लिए अल्पसंख्यको का इस्तेमाल करते रहे हैं एंव मलिक ने कहा कि कोरोना महामारी जैसे विपरीत समय मे भी आप सब ने सेवा ही संगठन कार्यक्रम के माध्यम से जरूरतमन्द लोगो की जो सहायता की है वो काबिल ए तारीफ है, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने हर समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक मोदी जी व योगी जी द्वारा चलाई जा रही योजनाओं को पंहुचाने का भरसक प्रयास किया है, आप ने मेरा मान सम्मान बढ़ाया है मै सदा सभी का अभारी रहूँगा।

जावेद मलिक ने कहा कि दोस्तों हमे मिलकर एक साथ काम करना है और कंधे से कंधा मिलाकर पार्टी की नीति व रीति को धरातल पर सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास को लेकर पार्टी को मजबूत करना है। मुझ जैसे समान्य कार्यकर्ता को पार्टी ने इस जिम्मेदारी के लायक समझा मे पार्टी का तहेदिल से शुक्रगुज़ार हूँ। पार्टी ने मुझे बड़ी जिम्मेदारी दी है उसको निभाने के लिए पूरी मेहनत व लगन से आप सबके सहयोग से निभाने का प्रयास करूँगा। हम लोग चुनावी वर्ष मे प्रवेश कर चुके है मेरी पहली प्राथमिकता पार्टी को बूथ लेबल पर खड़ी करना है अबकी बार 350 पार का नारे को बुलंद करना है।

पार्टी की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन जन तक पहुँचाना है पार्टी के निष्क्रिय कार्यकर्ताओं को सक्रिय करना और क्षेत्र के प्रत्येक बूथ पर अल्पसंख्यक मोर्चे की भागीदारी को सुनिश्चित करूँगा, कार्यक्रम में भाजपा के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष सगीर प्रधान, मदरसा बोर्ड उत्तर प्रदेश सरकार के सदस्य इमरान अहमद, क्षेत्रीय कार्यकारिणी सदस्य शाहकमाल प्रधान, शारिक जिया, गुलफ़ाम मलिक, इरफ़ान मलिक, शौक़ीन अल्वी, राशिद मलिक, फ़ख़रुद्दीन मलिक, वकील अल्वी, समेत सैंकड़ो कार्यकर्ता मौजूद रहे ।

# उत्तराखंड के लोगों को अब मिलेगी ट्रैफिक से मुक्ति




न्यूज़ वायरस नेटवर्क

उत्तराखंड में आधे से ज्यादा जाम बीच सड़क पर कहीं भी वाहनों के रुकने या हर जगह बसों के रुकने और विक्रम के कारण होता है। लेकिन अब बीच सड़क पर गाड़ी रोकने वालों की खैर नहीं है।अब यदि चालक वाहन को निर्धारित स्टॉपेज के अलावा कहीं और रोकता है तो उसका तुरंत चालान किया जाएगा। इतना ही नहीं इस मामले में उनका ड्राइविंग लाइसेंस भी जब्त किया जा सकता है। दून में बस और विक्रम के लिए 113 स्टॉपेज चिह्नित किए गए हैं। परिवहन विभाग के इस अभियान से देहरादून को ट्रैफिक जाम से निजात मिलने की संभावना है.

दरअसल देहरादून के चौक-चौराहों पर सिटी बस, ऑटो और विक्रम चालक जगह-जगह पर रोक कर सवारियों को अपने वाहन में बैठाते हैं. इससे अक्सर जाम की स्थिति पैदा हो जाती है और शहरवासियों को काफी परेशानियों से जूझना पड़ता है. आए दिन लगने वाले जाम की स्थिति से दूनवासियों को निजात दिलाने और शहर के यातायात को सुचारू रूप से चलाने के लिए परिवहन विभाग की ओर से 113 स्थानों पर स्टॉपेज बनाए गए हैं. व्यावसायिक वाहन चालकों को चिह्नित किए गए 113 स्थानों पर ही यात्रियों को गाड़ी में बैठाने और उतारने के निर्देश दिए गए हैं. विभाग की तरफ से साइन बोर्ड भी लगवाए जा रहे हैं ताकि यात्रियों को इस बात की जानकारी मिल सके कि उन्हें वाहन कहां से मिलेगा.

परिवहन विभाग के इस फैसले का सिटी बस फेडरेशन ने स्वागत किया है, लेकिन सिटी बस फेडरेशन के अध्यक्ष विजय वर्धन डंडरियाल ने विक्रमों को स्टॉपेज देने पर आपत्ति जताई है. उन्होंने हाईकोर्ट के 27 मार्च 2014 के आदेश का हवाला देते हुए कहा कि इसके अनुसार विक्रम-ऑटो जैसे वाहनों के लिए अलग-अलग जगहों पर खुदरा यात्रियों को बैठाना प्रतिबंधित है. वर्ष 2003 के सचिव के आदेश के अनुसार एक स्थान से दूसरे स्थान पर बुकिंग करने के बाद ही विक्रम और ऑटो चलाया जा सकेगा।



# डेंगू के बढ़ते प्रभाव के बीच डीएम सोनिका ने विभागीय अधिकारी का रोक दिया वेतन

न्यूज़ वायरस नेटवर्क






देहरादून ,26 सिंतबर , जनपद में बढते डेंगू के प्रसार को दृष्टिगत रखते हुए जिलाधिकारी सोनिका ने शिविर कार्यालय में सम्बन्धित अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। जिलाधिकारी ने डेंगू उन्मूलन अभियान के तहत जनपद में प्रतिदिन चलाये जा रहे कार्यक्रम की प्रतिदिन की रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिए। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए की अधिकारी गम्भीरता से कार्य करते हुए डेंगू पर प्रभावी रोक लगायें। डेंगू प्रभावित क्षेत्र से प्रसार बाहर न हो इस प्लान के साथ सक्रियता से कार्य करेंगे। उन्होंने डेंगू प्रभावित क्षेत्रों में टीमों को सक्रियता से भ्रमण/निरीक्षण करते हुए लार्वा को नष्ट करने तथा क्षेत्रों में निगरानी बनाये रखने के निर्देश दिए। कार्यों में लापरवाही एवं बेहतर समन्वय न करने पर डेंगू मलेरिया अधिकारी एवं जिला कार्डिनेटर आशा का स्पष्टीकरण तलब करते हुए वेतन रोका गया।

जिलाधिकारी ने मुख्य विकास अधिकारी को कहा कि जिला विकास अधिकारी, जिला पंचायतराज अधकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी सहित सम्बन्धित अधिकारियों से डेंगू उन्मूलन हेतु बेहतर समन्वय के साथ सघन अभियान चलाने एवं प्रतिदिन के कार्यों की सूचना उपलब्ध कराये जाने हेतु निर्देशित करेगें। वहीं अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व को निर्देशित किया कि सम्बन्धित चिकित्सा अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ ही प्रतिदिन की स्पष्ट एवं अद्यतन सूचनाएं का डाटा फिडिग करवाने को निर्देशित किया । जिलाधिकारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी को डेंगू प्रतिदिन समीक्षा करने के निर्देश दिए साथ ही प्रत्येक क्षेत्रों में विभिन्न टीमों द्वारा डेंगू रोकथाम हेतु की जा रही कार्यवाही की रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होने निर्देशित किया कि जिन क्षेत्रों में डेंगू के अधिक रोगी चिन्हित हो रहे उन क्षेत्रों सहित आसपास के क्षेत्रों में सघन अभियान चलाते हुए डेंगू के प्रसार को रोकने के निर्देश दिए। साथ एक कार्मिको जिला आपदा कन्ट्रोलरूम में बैठाने के भी निर्देश दिए जो डेंगू के प्रतिदिन की मामलों की रिपोर्टिंग करें। उन्होंने डेंगू मलेरिया अधिकारी को ब्लॉक कार्डिनेटर से वार्ता कर ब्लॉकवार बनाई गई टीमों की प्रतिदिन की कार्यवाही की रिपोर्ट प्रेषित करने के निर्देश दिए साथ ही आशाओं एवं आंगबाड़ी को डेंगू उन्मूलन अभियान में शामिल करते हुए लार्वा का चिन्हिकरण के साथ नष्ट करने की कार्यवाही करने के साथ ही प्रतिदिन अवगत कराने के निर्देश दिए। उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी जनपद में प्रतिदिन चिन्हित हो रहे मरीजों, हास्पिटलाईज किये गए मरीजों, बेड की स्थिति आदि की प्रतिदिन की जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। जनपद अवस्थित लैब से प्रतिदिन रिपोर्ट प्राप्त की जाए तथा किस क्षेत्र में अधिक मरीज चिन्हित हो रहें हैं ऐसे क्षेत्रों एवं उनके आसपास प्रभावी अभियान चलायें। शहरी क्षेत्रों सहित ग्रामीण क्षेत्रों में भी लगातार टीमें भेजकर डेंगू लार्वा की जांच एवं नष्टीकरण की कार्यवाही करें।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सुश्री झरना कमठान, अपर जिलाधिकारी वि/रा के.के मिश्रा, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ मनोज कुमार उप्रेती, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ सी.एस चैहान, सहायक निदेशक सूचना बी.सी नेगी, डेंगू मलेरिया अधिकारी डॉ0 सुभाष कुमार जोशी, जिला आपदा प्रबन्धन अधिकारी दीपशिखा रावत सहित सम्बन्धित अधिकारी एवं कार्मिक उपस्थित रहे।

# Facebook, WhatsApp के जरिए भी आपके साथ हो सकता है बैंक फ्रॉड, ये है सेफ्टी टिप्स



फ़िरोज़ आलम की रिपोर्ट
न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 26 सितंबर , सोशल मीडिया साइट्स आज युवाओं के बीच बेहद लोकप्रिय हैं. इसके साथ साइबर अपराधी भी इन पर नजर रखते हैं और फ्रॉड करने के लिए इनका इस्तेमाल करते हैं. यह देखा गया है कि पीड़ित लोगों को अपने मोबाइल या इंटरनेट पर अलग-अलग तरह की फेस्टिव थीम, गेम, ऐप्स या लिंक उनके फेसबुक, ट्विटर या व्हाट्सऐप पर मिलते हैं.जब एक बार आप लिंक पर क्लिक या ऐप या सॉफ्टवेयर को डाउनलोड करते हैं, तो आपके कंप्यूटर पर एक फर्जी ब्राउजर एक्सटेंशन डाउनलोड हो जाता है, जो यूजर की एक्टिविटी को मॉनिटर करता है और अपराधी को उसकी पर्सनल डिटेल्स पहुंचाता है. आइए जानते हैं कि फेसबुक और व्हाट्सऐप का इस्तेमाल करते समय आपको बैंक फ्रॉड से बचने के लिए किन बातों का ध्यान रखना चाहिए.




**फेसबुक सेफ्टी टिप्स**


अपनी निजी जानकारी को अपनी फेसबुक प्रोफाइल पर न डालें. आपके घर का पता, फोन नंबर, जन्म की तारीख तुरंत लोगों के बीच सार्वजनिक हो जाते हैं.सभी लोगों की फ्रेंड रिक्वेस्ट को मंजूर नहीं करें. हर फ्रेंड रिक्वेस्ट सही नहीं होती है.

अगर आप व्यक्ति को नहीं जानते हैं, तो फिर उन्हें अपनी फ्रेंड लिस्ट में ऐड नहीं करें.कभी भी अपने कंप्यूटर को फेसबुक अकाउंट खोलकर न छोड़कर जाएं. अपने फेसबुक अकाउंट के एक्सेस को छोड़ना आपके वॉलेट या मोबाइल फोन को कहीं छोड़कर जाने के बराबर है.अपने कंप्यूटर पर वायरस सॉफ्टवेयर को रखना और उसे अपडेट करना बेहद जरूरी है. ऐसे कुछ वायरस हैं, जो आपके ईमेल को अटैक कर सकते हैं.कई बार यूजर्स को सर्वे के पेज पर ले जाया जाता है और उनसे उनकी डिटेल्स जैसे नाम, जन्म की तारीख, मोबाइल नंबर आदि के बारे में पूछा जाता है. इससे बचना बेहद जरूरी है.इसके अलावा कभी भी अपने कार्ड नंबर,

# क्यों बढ़ रही लोगों में चक्कर आने की समस्या?

महविश की रिपोर्ट
न्यूज़ वायरस नेटवर्क





देहरादून , 26 सितंबर ,सिर घूमना या चक्कर आना कोई नई बात नहीं है. अकसर लोगों को चक्कर आने की समस्या होती है. इसके कई कारण हो सकते हैं. लेकिन बीते कुछ समय से चक्कर आने की समस्या में इजाफा हुआ है. लोगों की इम्यूनिटी कमजोर होने से कई बार उन्हें बैठे-बैठे भी चक्कर आ जाता है. चक्कर आने के पीछे की कई वजहें हो सकती है जैसे ब्लड प्रेशर का कम होना, लाइफस्टाइल खराब होना, खाने पीने का ध्यान ना रखना या कम नींद लेना चक्कर आने के प्रमुख कारण हैं. चक्कर आने के लक्षणों को हमें नजरअंदाज नहीं करना चाहिए. काफी लोगों को नींद से उठते ही चक्कर आने लगते हैं. जिसकी वजह से व्यक्ति डिप्रेशन का शिकार भी हो सकता है.

**कैसे दूर करें चक्कर आने की समस्या ?**

एक्सपर्ट्स का मानना है कि पुदीने और बादाम के तेल से चक्कर आने की समस्या की निजात पाया जा सकता है. पुदीने के तेल की दो बूंदों को एक छोटे चम्मच बादाम के तेल में मिलाकर गर्दन और माथे पर लगाने से रिलैक्सेशन मिलती है और चक्कर आने की समस्या दूर होती है.इसके अलावा अदरक का तेल भी चक्कर को दूर भगाने के लिए कारगर बताया गया है. अदरक के तेल की 3-4 बूंदे तलवों के नीचे लगाने से चक्कर आने की समस्या दूर होती है. अदरक के तेल को गर्दन और कान के पीछे भी लगाने की सलाह दी जाती है. अदरक में घबराहट को दूर करने के तत्व मौजूद होते हैं. इसके साथ ही अदरक इम्यूनिटी बूस्ट करने में भी मददगार होती है.

चक्कर आने की समस्या को दूर करने के लिए धनिया और आंवला पाउडर का इस्तेमाल भी किया जाता है. धनिया और आंवला पाउडर को मिलाकर एक गिलास पानी में भिगो कर रातभर के लिए दें और सुबह खाली पेट इसका सेवन करें. ये उपाय चक्कर आने की समस्या को दूर करते है.

# क्या आपको सोने का '10-3-2-1-0' नियम के बारे में पता है






न्यूज़ वायरस नेटवर्क

यदि आप सोने के लिए संघर्ष कर रहे हैं, तो हम आपके लिए चीजों को आसान बनाने के लिए यहां हैं। चिंता न करें, हम कुछ मुश्किल या बोझिल नहीं सुझा रहे हैं, आपको बस सोने के समय की एक साधारण दिनचर्या का पालन करना है, जिसे '10-3-2-1-0 के नियम' के रूप में भी जाना जाता है। वैसे रात में कम से कम 7-8 घंटे सोना जरूरी है। लेकिन कई लोगों को ऐसा करना मुश्किल लगता है। और एक अच्छी रात की नींद के लिए आपको इन पांच सूत्री नियम का पालन करना है।

**10-3-2-1-0 नींद का नियम क्या है?**

1) सोने से 10 घंटे पहलेः कैफीन सीमित करें

2) सोने से तीन घंटे पहलेः ऐसे खाद्य पदार्थों को सीमित करें जिनसे पेट खराब हो सकता है

3) सोने से दो घंटे पहलेः होमवर्क सीमित करें

4) सोने से एक घंटा पहलेः स्क्रीन का समय सीमित करें5) शून्य घंटेः जितनी बार आप स्नूज़ बटन दबाएंगे

हमारी जैविक घड़ी, जो नींद-जागने के चक्र को नियंत्रित करती है, हमारे जीवनशैली विकल्पों के कारण बाधित होती है जिसके परिणामस्वरूप खराब गुणवत्ता वाली नींद आती है। लेकिन नींद एक पुनर्स्थापनात्मक अवस्था है जो हमारे शरीर में सभी तंत्रिका, चयापचय और जैविक कार्यों के लिए आवश्यक है, जिसकी कमी से कई जीवन शैली संबंधी विकार हो सकते हैं जैसे कि हृदय रोग, न्यूरोवास्कुलर रोग, ऑटोइम्यून स्थिति, मनोवैज्ञानिक विकार, और इसी तरह।

# आरोग्य मंथन-2022 में शामिल हुये स्वास्थ्य मंत्री डॉ0 धन सिंह रावत

## केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा दिल्ली में आयोजित किया गया कार्यक्रम

न्यूज़ वायरस नेटवर्क




देहरादून/दिल्ली, 26 सितम्बर,आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के चार वर्ष तथा आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा नई दिल्ली में दो दिवसीय आरोग्य मंथन-2022 कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ0 मनसुख मंडाविया ने स्वास्थ्य क्लेम एक्सचेंज, नेशनल ई-रुपी पोर्टल सहित कई महत्वपूर्ण योजनाओं का शुभारम्भ किया। कार्यक्रम में सूबे के स्वास्थ्य मंत्री डॉ0 धन सिंह रावत ने भी प्रतिभाग किया।

चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री डॉ0 धन सिंह रावत ने मीडिया को जारी एक बयान में बताया कि आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के चार वर्ष तथा आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के एक वर्ष पूर्ण पर केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा दिल्ली के एक निजी होटल में आरोग्य मंथन-2022 कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें उन्हें विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में बुलाया गया था। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में केन्द्रीय स्वास्थ्य डॉ0 मनसुख मंडाविया द्वारा आयुष्मान भारत योजना एवं आयुष्मान डिजिटल योजनाओं की समीक्षा की गई तथा स्वास्थ्य क्षेत्र की बेहतरी के लिए स्वास्थ्य क्लेम एक्सचेंज, नेशनल ई-रुपी पोर्टल सहित कई महत्वपूर्ण योजनाओं का शुभारम्भ किया।



कार्यक्रम में विभिन्न राज्यों से आये स्वास्थ्य क्षेत्र के विशेषज्ञों एवं विशेष आमंत्रित सदस्यों से सुझाव मांगे गये। कार्यक्रम में स्वास्थ्य मंत्री डॉ0 रावत ने उत्तराखंड में दोनों योजनाओं के संचालन को लेकर संक्षिप्त रिपोर्ट प्रस्तुत की। जिसमें उन्होंने बताया कि राज्य में आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत लगभग 50 लाख लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाये जा चुके हैं, जिसके अंतर्गत करीब 5.50 लाख लोगों ने निःशुल्क उपचार का लाभ प्राप्त किया है। इसी प्रकार एडीबीएम के अंतर्गत अबतक प्रदेश में लगभग 28 लाख लोगों की डिजिटल हेल्थ आईडी बन चुकी है। उन्होंने बताया कि विगत 7 सितम्बर से प्रदेश में जन आरोग्य अभियान के तहत लोगों की निःशुल्क जांच की जा रही है।

जिसके अंतर्गत अभी तक लगभग 1.50 लाख लोगों की जांच की जा चुकी है। जिसमें उच्च रक्तचाप, डायबिटीज, ओरल कैंसर, स्तन कैंसर, नेत्र परीक्षण, टीबी स्क्रीनिंग आदि प्रमुख बीमारियों की जांच की जा रही है। डॉ0 रावत ने केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री को भरोसा दिलाया कि केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा भविष्य के लिये लांच सभी योजनाओं को उत्तराखंड में योजनाबद्ध तरीके से लागू किया जायेगा ताकि प्रदेश के अंतिम व्यक्ति तक स्वास्थ्य सेवाओं का बेहत्तर लाभ मिल सके।

## संपादकीय

# राजनीति में एकात्म मानववाद के प्रणेता

भर्तृहरि का कथन है- 'वारांगनेव नृपनीतिरनेकरूपा' अर्थात राजनीति वेश्याओं की तरह अनेक रूप धारण करती है, किंतु एकात्म मानववाद के मंत्रद्रष्टा पं दीनदयाल उपाध्याय ऐसे दुर्लभ राजनेता थे, जिन्होंने भर्तृहरि इंगित कलुष को अपना स्पर्श नहीं होने दिया. गीता (16/3) में भगवान श्रीकृष्ण कहते हैं- 'तेजो क्षमा धृति शौचमद्रोहो नातिमानिता. भवन्ति सम्पदं दैवीमभिजातस्य भारत' यानी तेज, क्षमा, धैर्य, अंतर्वाह्य शुद्धि, किसी से द्रोह का अभाव और निरभिमानी स्वभाव- ये दैवी संपदा संपन्न व्यक्ति के लक्षण हैं. सादा जीवन, उच्च विचार के प्रतिमूर्ति पं दीनदयाल जी गीतोक्त दैवी संपदा के प्रतीक पुरुष थे. वे राजनीति में संस्कृति के दूत थे. छात्र जीवन में अत्यंत प्रतिभाशाली रहे पं उपाध्याय ने पढ़ाई समाप्त कर स्वयं को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रचारक के नाते राष्ट्र को समर्पित कर दिया. संघ कार्य की व्यस्तता के बीच उन्होंने राष्ट्रवादी पत्रकारिता को दिशा देने के लिए अटल बिहार वाजपेयी जी को साथ लेकर राष्ट्रधर्म, पांचजन्य और स्वदेश जैसी पत्र-पत्रिकाओं का कुशल संपादन भी किया. 21 अक्तूबर, 1951 को जब डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने भारतीय जनसंघ के नाम से भारतीय राजनीति के आंगन में प्रखर राष्ट्रीयता का एक छोटा-सा बिरवा लगाया, तो उसके प्रथम महामंत्री पं दीनदयाल बनाये गये. पंडित जी के परिश्रम और नीति कुशलता के बल पर डॉ मुखर्जी के असमय अवसान के बावजूद जनसंघ ने शीघ्र ही अखिल भारतीय स्वरूप ग्रहण कर लिया था. वे इतने तेजस्वी थे कि 1952 से 1967 तक जनसंघ के दर्जनभर अध्यक्ष हुए, किंतु इसके महामंत्री के नाते दल को वे ही संभालते रहे. यह उनकी संगठन कुशलता और नीतिमत्ता का ही प्रमाण था कि 1967 में समाजवादी नेता डॉ लोहिया से तालमेल कर उतर भारत के कई राज्यों में कांग्रेस को करारी मात दी और लोकसभा में 35 सीटों के साथ जनसंघ की प्रभावशाली उपस्थिति दर्ज हुई. वर्ष 1967 में ही वे दल के कालीकट अधिवेशन में इसके अध्यक्ष बने, पर यह जनसंघ और देश का दुर्भाग्य रहा कि इसके मात्र 40 दिन बाद ही, 11 फरवरी, 1968 को चलती ट्रेन में उनकी हत्या कर दी गयी. वर्ष 1916 से 1968 तक की जीवन यात्रा में उन्होंने मौलिक चिंतन के जिस विराट को छुआ, वह विस्मयकारी है. उनकी प्रेरणा का केंद्र 'भारत माता' हैं. 'भूमि' (देश) इसका शरीर है, 'जन' इसका अराधक है और 'संस्कृति' इसकी आत्मा है. भूमि, जन और संस्कृति मिल कर राष्ट्र बनते हैं और भारत की प्राचीन राष्ट्रीयता का आधार राजनीतिक नहीं, सांस्कृतिक है. पं दीनदयाल प्रणीत एकात्म मानववाद उनके चिंतन की गहराई से परिचित कराता है. उनके अनुसार, जीवन और जगत के प्रश्नों का समाधान भौतिकता में रचे-पगे पूंजीवाद, समाजवाद अथवा साम्यवाद में नहीं, अपितु भारतीय अध्यात्म में है. उनका मानना था कि चार सिद्धांतों- अस्तित्व के लिए संघर्ष, सर्वोत्तम का अस्तित्व, प्रकृति का शोषण एवं वैयक्तिक अधिकार, इनके इर्द-गिर्द ही पश्चिम के सारे विचार घूमते हैं, जो अपूर्ण एवं एकांगी है. सनातन भारतीय चिंतन 'संघर्ष' की जगह सहयोग, सर्वोत्तम के अस्तित्व की जगह 'सर्वे भवन्तु सुखिनः', प्रकृति के शोषण की जगह विवेकपूर्ण 'दोहन' तथा वैयक्तिक अधिकार की जगह 'कर्तव्य' का प्रतिपादन करता है.

# विधानसभा की कार्यप्रणाली में सुधार के लिए आवश्यक कदम उठाये : राज्यपाल

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 26 सितंबर , उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण ने उत्तराखंड विधानसभा भर्ती प्रकरण की रिपोर्ट प्राप्त होने पर की गई कड़ी कार्यवाही के बाद राज्यपाल रि. ले. जनरल गुरमीत सिंह से आज राजभवन में शिष्टाचार भेंट की। इस भेंट के दौरान विधानसभा अध्यक्ष ने मा राज्यपाल को विधानसभा में नियम विरुद्ध तदर्थ नियुक्तियों पर प्राप्त जांच रिपोर्ट और उस पर लिये गए निर्णयों से अवगत कराया । वहीं राज्यपाल ने भी निर्धारित समय के पूर्व जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर विशेषज्ञ समिति के प्रयासों को सराहा और विधानसभा अध्यक्ष द्वारा लिए गए निर्णयों पर संतोष व्यक्त किया, तथा विधानसभा की कार्यप्रणाली में सुधार के लिए आवश्यक कदम उठाने का सुझाव दिया।



# उत्तराखंड में पिछले साल के मुकाबले कम आए पशु हमले के मामले

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

साल खत्म होने में अभी तीन महीने से ज्यादा का समय बाकी है। यह स्थिति आवास विकास पर ध्यान केंद्रित करने या विभाग द्वारा उठाए गए कदमों के कारण हो सकती है, जो भी कारण हो, लेकिन इसके बारे में बहुत अधिक अस्पष्टता पैदा करना जल्दबाजी होगी। विभाग के सामने असली चुनौती अब यह है कि आने वाले दिनों में वन्यजीवों के हमलों को और भी कम किया जाए।डॉ. समीर सिन्हा (मुख्य वन्यजीव वार्डन उत्तराखंड) ने कहा कि यह सच है कि इस वर्ष अब तक वन्यजीवों के हमलों में कमी आई है. इससे उम्मीद की किरण तो जगी है, लेकिन सुकून भरी स्थिति के बारे में अभी कुछ भी कहना जल्दबाजी होगी। हमारा प्रयास है कि मानव-वन्यजीव संघर्ष को रोकने के लिए बेहतर प्रयास किए जाएं।





हम इस दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है।71.05 प्रतिशत वन भूभाग वाला उत्तराखंड वन्यजीवों के संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है, लेकिन यही वन्यजीव स्थानीय समुदाय के लिए परेशानी का कारण भी बने हुए हैं।

# महिला आयोग की उपाध्यक्ष ने किया संरक्षण गृहों का निरीक्षण

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

अल्मोड़ा , 26 सितंबर ,राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष ज्योति साह मिश्रा ने अल्मोड़ा पहुंचकर राजकीय महिला संरक्षण गृह और बाल किशोरी गृह का औचक निरीक्षण किया. इस दौरान महिला आयोग की उपाध्यक्ष ज्योति साह ने यहां रह रही किशोरियों और महिलाओं से उनकी समस्याओं पर बात की. साथ ही उन्होंने समस्याओं के निराकरण का आश्वासन दिया.



महिला आयोग की उपाध्यक्ष ज्योति साह मिश्रा ने राजकीय संरक्षण गृह महिला में रह रही चर्चित दलित हत्याकांड में मारे गये जगदीश की पत्नी से भी मुलाकात की. इस दौरान पीड़ित महिला से उसके भविष्य के बारे में बात की गई. महिला आयोग की उपाध्यक्ष ज्योति साह ने बताया कि पीड़ित महिला आगे पढ़ना चाहती है. महिला को जॉब दिलाने के लिए प्रयास किया जायेगा.पीड़ित महिला को एसओएस भीमताल या दिल्ली में जॉब दिलाने का प्रयास किया जायेगा. वहीं ज्यातिं साह ने बताया कि पीड़ित महिला को राहत के लिए उसके खाते में 2 लाख 12 हजार 500 रुपये डाल दिये गये हैं.

# टूटी सड़कों की भेजें सेल्फी, स्मार्ट सिटी की मिलकर खोलें पोल : सूर्यकांत धस्माना

## पूरे शहर की ध्वस्त सड़कों के लिए अब होगा संघर्ष-धस्माना





**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून 26 सितम्बर , राजधानी देहरादून में जर्जर व ध्वस्त पड़ी सड़कों का जायज़ा लेने प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सूर्यकान्त धस्माना साथियों साथ सड़कों पर उतरे और सबसे पहले मेहुवाला में तुंतोवाला मक्का मस्जिद चौक से भदरी चौक तक तीन किलोमीटर सड़क का निरीक्षण किया जो पूरी तरह से ध्वस्त हो रक्खी है। क्षेत्रवासियों ने बताया कि वैसे तो सड़क पर पिछले दस वर्षों से कोई काम ही नहीं हुआ किंतु पिछले डेढ़ दो वर्षों से पानी की पड़ने के बाद से सड़क अब नाला बन गयी है और बार बार कहने के बावजूद पीडब्ल्यूडी विभाग के कानों में जूं तक नहीं रेंगी। क्षेत्रवासियों ने नेता और वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता धस्माना को आठ इंच से एक एक फुट के गड्ढे नाप कर दिखाए। सूर्यकांत धस्माना ने क्षेत्रवासियों के सामने ही पीडब्ल्यूडी के विभागाध्यक्ष अयाज़ अहमद से फोन पर वार्ता कर सड़क की बदहाली बयां करते हुए तत्काल सड़क पुनर्निर्माण की मांग करते हुए कहा कि अगर शीघ्र इस पर कार्यवाही नहीं की जाती तो मजबूर हो कर उनको जन आंदोलन करना पड़ेगा।

कांग्रेस नेता धस्माना ने इसके बाद राजपुर रोड में जीआरडी स्कूल के पास सड़क किनारे खतरनाक रूप से टूटी फुटपाथ का निरीक्षण किया, इसके बाद उन्होंने महीनों से खुदे ओल्ड सर्वे रोड व सेवकाश्रम रोड की बदहाली का पैदल चल कर क्षेत्र के लोगों के साथ निरीक्षण किया । धस्माना ने राजधानी के सभी क्षेत्र के लोगों से अपील करते हुए कहा की वे अपने क्षेत्र की सड़कों की फ़ोटो व वीडियो उनके मोबाइल नंबर पर भेजें जिससे वे स्वयं मौके पर पहुंच कर उनका निरीक्षण करेंगे व सोए हुए प्रशाशन को जगाने का काम करेंगे। धस्माना ने कहा कि वे बहुत जल्दी ध्वस्त पड़ी व जर्जर सड़कों से अपना फेस बुक लाइव प्रोग्राम शीघ्र शुरू करेंगे व राजधानी की ध्वस्त पड़ी सड़कों के लिए संबंधित विभागों व अधिकारियों के खिलाफ आंदोलन शुरू करेंगे।

वरिष्ठ नेता सूर्यकांत धस्माना के साथ अनुज दत्त शर्मा, मोहमद शाहिद, सुब्रत शर्मा, अनीस अंसारी, शिवानंद घिल्डियाल, पूर्वक्षेत्र पंचायत सदस्य मोहम्मद फारुख,सौरभ नौटियाल,अनिल कुमार,पूर्व पार्षद राजेश उनियाल, पार्षद प्रतिनिधि मुरसलीन अली, मोहम्मद उमर,श्री आनंद सिंह पुंडीर, दिलशाद अली गुज्जर, मोहम्मद आशिक, वहदूद हसन, मेहंदी हसन शामिल रहे।

# राष्ट्र और राज्य निर्माण में युवाओं का अहम योगदान : ऋतु खंडूड़ी भूषण, स्पीकर




**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

कोटद्वार 26 सितंबर, कालागढ़ के ऑफीसर्स क्लब में विधानसभा अध्यक्ष एवं क्षेत्रीय विधायक ऋतु खंडूडी भूषण ने प्रदेशभर के आए क्षेत्रों से 100 मेघावी छात्र छात्राओं को प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया। सम्मान समारोह के मौके पर विधानसभा अध्यक्ष को गदरपुर से आई वाल्मीकि धर्म समाज की अंजना भारती ने पदाधिकारियों के साथ चांदी का ताज पहना कर स्वागत किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय संचालक सुरेश देवांतक को संगठन के पदाधिकारी भूरेलाल एवं पदाधिकारियों ने ताज से सम्मानित किया।इस अवसर पर उन्होंने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि छात्र-छात्राएं सम्मान पाकर गर्व का अहसास करते हैं। उन्होंने डॉ भीमराव अंबेडकर के योगदान को याद किया। उन्होंने छात्र छात्राओं को समाज का निर्माण करने के लिए आव्हान किया। समारोह को भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज के पदाधिकारियों सुरेश देवांतक, ओपी भारती, गोरेलाल, डॉक्टर नरेंद्र, सहदेव, राजेंद्र भारती, हरपाल सिंह, राजकुमार, रामपाल सिंह, राजू लाल आदि ने संबोधित किया। संचालन खटीमा से आए जेएम सहदेव ने एवं अध्यक्षता संगठन के प्रदेश अध्यक्ष समीर आर्य ने की। इस अवसर पर पत्रकारों से बात करते हुए विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि प्रदेश में बच्चों का सम्मान किया जा रहा है यह अच्छा है युवाओं को रोजगार के लिए सरकार अवसर प्रदान कर रही है। अंकिता मर्डर केस के बारे में बोलते हुए उन्होंने कहा कि इस मामले में मुख्यमंत्री दोषियों को सजा देने का काम कर रहे हैं फास्ट्रैक के माध्यम से जल्दी ही दोषियों को सजा दी जाएगी।




दैनिक
न्यूज वायरस

न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड, मेरठ के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक मौ. सलीम सैफी द्वारा विश्वनाथ प्रिंटर्स, अजबपुर कलां, देहरादून से मुद्रित एवं 48/3 बलबीर रोड, डालनवाला, देहरादून (उत्तराखंड) से प्रकाशित।

सम्पादक :
मौ. सलीम सैफी
कार्यकारी सम्पादक
आशीष तिवारी
दूरभाष : 0135-2672002

email-dainiknewsvirus@gmail.com
RNI No.- UTTHIN/2012/44094

वाद-विवाद का न्याय क्षेत्र देहरादून न्यायालय मान्य होगा